Important Question Class 7 Hindi Chapter 20 मायावी सरोवर

प्रश्न-1 युधिष्ठिर ने नकुल को दखने के लिए किसे भेजा?

उत्तर- युधिष्ठिर ने नकुल को दखने के लिए सहदेव को भेजा।

प्रश्न-2 सहदेव को देखने के लिए युधिष्ठिर ने किसको भेजा?

उत्तर- सहदेव को देखने के लिए युधिष्ठिर ने अर्जुन को भेजा।

प्रश्न-3 पानी पीने के बाद चारों भाईयों के साथ क्या हुआ?

उत्तर- पानी पीने के बाद चारों भाई अचेत होकर गिर पड़े।

प्रश्न-4 युधिष्ठिर ने सबसे पहले पानी लाने किसे भेजा?

उत्तर – युधिष्ठिर ने सबसे पहले पानी लाने अपने भाई नकुल को भेजा।

प्रश्न-5 अर्जुन के भी न लौटने पर युधिष्ठिर ने क्या किया?

उत्तर- अर्जुन के भी न लौटने पर युधिष्ठिर ने भीमसेन को तीनों भाईयों को देखने को भेजा।

प्रश्न-6 नकुल ने जलाशय को देखकर क्या सोचा?

उत्तर- नकुल ने सोचा कि पहले तो मैं अपनी प्यास बुझा लूँ और फिर तरकश में पानी भरकर भाइयों के लिए ले जाऊँगा।

प्रश्न-7 जब अर्जुन को भी वैसी ही वाणी सुनाई दी तब उसने क्या किया?

उत्तर- अर्जुन उस वाणी को सुनकर गुस्से से भर गया। उसने बाण छोड़ने शुरू कर दिए। जिधर से आवाज़ सुनाई दी थी, उसी ओर निशाना लगाकर वह तीर चलाता रहा, किंतु उन बाणों का कोई असर नहीं हुआ।

प्रश्न-8 नकुल ने आसपास जलाशय होने का अनुमान कैसे लगाया?

उत्तर- नकुल ने जब पेड़ पर चढ़कर देखा तो कुछ दूरी पर उसे ऐसे पौधे दिखाई दिए जो पानी के नजदीक ही उगते हैं। वहीं आसपास कुछ बगुले भी बैठे हुए थे । यह देखकर नकुल को लगा कि वहीं कहीं आसपास जलाशय अवश्य होना चाहिए।

प्रश्न-9 नकुल जब जलाशय में पानी पीने को हुआ तब कैसी आवाज़ आई?

उत्तर – नकुल ने दोनों हाथों की अंजुलि में पानी लिया और पीना ही चाहता था कि इतने में आवाज़ आई-“माद्री के पुत्र! दुःसाहस न करो। यह जलाशय मेरे अधीन है। पहले मेरे प्रश्नों का उत्तर दो। फिर पानी पियो।”

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न- 10 भाईयों के नहीं लौटने पर युधिष्ठिर को क्या भय सताने लगा?

उत्तर – भाईयों के न आने पर युधिष्ठिर अकेले बैठे घबराने लगे और सोचने लगे कि बड़े आश्चर्य की बात है कि कोई भी अब तक नहीं लौटा! आखिर भाइयों को हो क्या गया? क्या कारण है कि अभी तक वे लौटे नहीं? जल की खोज में वे जंगल में इधर-उधर भटक तो नहीं गए? मैं ही चलकर देखूँ कि क्या बात है!

प्रश्न-11 सहदेव ने जलाशय के पास क्या देखा और वहाँ उसके साथ क्या घटना घटी?

उत्तर- सहदेव ने जलाशय के पास नकुल को जमीन पर पड़ा हुआ देखा। पर उसे भी प्यास इतनी तेज़ लगी थी कि वह कुछ ज्यादा सोच न सका। वह पानी पीने को ही था कि पहले जैसी वाणी उसे भी सुनाई दी। उसने वाणी की चेतावनी पर ध्यान न देते हुए पानी पी लिया और किनारे पर चढ़ते-चढ़ते वह अचेत होकर नकुल के पास ही गिर पड़ा।

प्रश्न-12 किसने किससे कहा?

i. "भैया! जरा उस पेड़ पर चढ़कर देखो तो सही कि कहीं कोई जलाशय या नदी दिखलाई दे रही है?"

युधिष्ठिर ने नकुल से कहा।

ii. "जाकर देखो तो उनके साथ कोई दुर्घटना तो नहीं हो गई?"

युधिष्ठिर ने अर्जुन से कहा।

https://www.evidyarthi.in/